खाटू वाले ओ खाटू वाले | By Beena Bhatt

गिरते हुए को तू ही संभाले हारे का है सहारा
जो भी डूबा भव सागर में तूने पार उतारा
मुझ पर भी कुछ कृपा कर दो कब से आस लगाईं
मेरे दिल में बसा हुआ है बस तेरा ही द्वारा

ये है सब का सहारा खाटू वाला हमारा
सांवरे .....श्याम हो मेरे श्याम

खाटू वाले ओ खाटू वाले
गिरतों को बाबा तू ही तो संभाले
खाटू वाले ओ खाटू वाले

तुझे एक पल भी बाबा ना भुलाउं मैं
तेरा खाटू का ये दर छोड़ कभी भी ना जाऊं मैं
तुम ही हो बाबा मेरे रखवाले
खाटू वाले ओ खाटू वाले

मुझे रखना सदा तू पनाहों में
मेरे संग संग श्याम जीवन की राहों में
मेरा सारा जीवन है तेरे हवाले
खाटू वाले ओ खाटू वाले

ओ मेरे जीने का तू ही एक सहारा है
अब बिन तेरे सांवरे ना कोई हमारा है
शर्मा को अपनी बीना को अपनी सेवा में लगा ले
खाटू वाले ओ खाटू वाले .....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%93-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-by-beena-bhatt/